हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 21 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा सरकार ने राज्य में पंजीकृत वाहन स्क्रैपेज एवं रि-साइक्लिंग सुविधा प्रोत्साहन नीति अधिसूचित की है। इससे राज्य में पुराने वाहनों के स्क्रैपिंग व रि-साइकिलिंग सुविधा उपलब्ध होगी और जगह-जगह कबाड़ में तब्दील हो चुके वाहनों के पुर्जों का दोबारा उपयोग हो सकेगा। इससे राज्य में पर्यावरण में भी सुधार होगा।उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) द्वारा पुराने डीजल वाहनों की 10 व पेट्रोल वाहनों की 15 वर्ष तक पासिंग सीमा अवधि तय करने बाद कंडम वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और इसको देखते हुए हरियाणा सरकार ने यह निर्णय लिया है।

****

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने सरपंचों को स्टेडियम व लाइब्रेरी बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी महत्व है। ऐसे में उन्हें नशे की लत से भी बचाया जा सकता है और बिना पर्ची व खर्ची के अच्छी नौकरी पाने में भी सक्षम बनाया जा सकता है।मंत्री ने रादौर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का धन्यवादी दौरा करते हुए यह बात कही।श्री राणा ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है और आगे भी इसी नीति पर चलकर प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए जाएंगे।

****

आवासन एवं शहरी मामलों की संसदीय स्थाई समिति ने केंद्र सरकार की योजनाओं और शहरी विकास पहलों के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए चंडीगढ़ में एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र का दौरा किया।दौरे पर आए

लोकसभा और राज्यसभा के 31 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी ने किया। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह दौरा समिति के तीन दिवसीय दौरे का हिस्सा था, जिसमें हिमाचल प्रदेश का शिमला भी शामिल था। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन का मूल्यांकन करना और केंद्र व राज्य सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देना था। प्रतिनिधिमंडल ने कचरा संग्रहण वाहनों की निगरानी और 24 घंटे सातों दिन जलापूर्ति की परियोजना का भी मूल्यांकन किया।

****

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के लिए पलवल डिपो से हरियाणा रोडवेज की बस सेवा शुरू की गई है।हरियाणा राज्य परिवहन विभाग पलवल के अधीक्षक परमानंद ने बताया कि खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम के दिशानिर्देशानुसार यह बस सेवा शुरू की गई है। बस प्रतिदिन पलवल बस डिपो से सुबह 8 बजे प्रयागराज के लिए रवाना होगी और अगले दिन सुबह 8 बजे प्रयागराज से वापिस आएगी। यह विशेष बस सेवा 29 फरवरी तक जारी रहेगी। बस का पलवल से प्रयागराज तक का प्रति सवारी किराया 890 रुपए तय किया गया है।

****

हरियाणा में एक बार फिर मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है।चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक मदनलाल खीचड़ ने बताया कि कल व परसों पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में कहीं हल्की बूंदाबांदी व बारिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह बारिश फसलों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी।श्री मदनलाल खीचड़ ने किसानों को आने वाले दो दिन तक फसलों की सिंचाई न करने और कीटनाशकों का छिड़काव रोक देने की सलाह दी है।उन्होंने कहा कि 24 जनवरी के बाद मौसम आमतौर पर खुश्क हो जाएगा और तापमान में फिर से गिरावट देखने को मिलेगी।

****

पंजाब एंव हरियाणा उच्च नयायालय ने चंडीगढ़ में महापौर का चुनाव 29 जनवरी के बाद करवाने के आदेश दिया है।मौजूद महापौर कुलदीप कुमार द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी। उनका कहाँ था कि उनका कार्यकाल पूरा नहीं हुआ।इसलिए 24 जनवरी को चुनाव कराना ठीक नहीं है।उच्च न्यायालय ने मतदान भी हाथ खड़े करके कराने पर गौर करने को कहा है।